06 पुलिस अधीक्षक की पहल से ग्रामीण अंचलों में पुलिस...



07 जेसीआई ने लगाया रक्तदान शिविर, जुटाया 15 यूनिट...




## खबर संक्षेप

### राहतगढ़ शासकीय सांदीपनि विद्यालय का लोकार्पण आज

**सागर।** राहतगढ़ में शासकीय सांदीपनि विद्यालय के नवनिर्मित भवन का लोकापर्ण नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में 9 फरवरी दोपहर 1 बजे से आयोजित कार्यक्रम में किया जाएगा।

### कलेक्टर के निर्देशानुसार विद्यालय की छात्रा ने ही किया छात्राओं का मार्गदर्शन

**सागर।** पीएमसी शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बंडा की छात्रा रोशनी खरे जिसने इसी वर्ष हाई स्कूल में प्रदेश की मेरिट सूची में दसवां स्थान प्राप्त किया था। रोशनी के गणित और संस्कृत विषय में 100 में से 100 नंबर आए थे, रोशनी खरे अपने विद्यालय की सभी छात्राओं का मार्गदर्शन किया की किस प्रकार तैयारी करना है मानसिक तनाव बिल्कुल भी नहीं लेना है। सुबह उठकर पढ़ना है। जिस दिन पेपर हो उस दिन पर्याप्त नींद लेना है। इस प्रकार अनेक बातें अपनी जूनियर छात्राओं को बताई जिससे छात्राओं में तनाव कम हो सके और अच्छे नंबर प्राप्त कर सकें। पीएमश्री विद्यालय की प्राचार्या संतोष चौरासिया ने बताया कि जैसा हम लोगों से मीटिंग में कलेक्टर ने बोला था कि यदि उस विद्यालय का विद्यार्थी ही विद्यार्थी का मार्गदर्शन करेगा तो अधिक प्रभावी होगा, जिस दिन से रोशनी खरे ने छात्राओं का मार्गदर्शन किया है छात्राओं में शिक्षकों द्वारा मार्गदर्शन करने से भी ज्यादा प्रभाव पड़ा है और उनमें कॉन्फिडेंस देखने को मिला है। निश्चित तौर पर छात्राएं बिना तनाव के परीक्षा में शामिल होंगी और अच्छे नंबर से पास होगी जिससे विद्यालय, विकासखंड और हमारे जिले का परीक्षा परिणाम अच्छा रहेगा।

### परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तार यंत्रों पर रोक

**सागर।** कलेक्टर संदीप जी आर ने माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल आयोजित बोर्ड परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आम सभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन सहित ध्वनि विस्तार यंत्रों पर धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया। उक्त आदेश दिनांक 10-02-2026 से दिनांक 10-04-2026 की मध्य रात्रि तक प्रभावशील रहेगा। कार्यालय कलेक्टर से जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी निर्देशानुसार हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं), हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) एवं हायर सेकेण्डरी व्यावसायिक पाठ्यक्रम परीक्षा (12वीं) दिनांक 10-02-2026 से प्रारंभ होकर निरंतर 07-03-2026 तक एवं सीबीएसई हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा (10वीं), हायर सेकेण्डरी सर्टिफिकेट परीक्षा (12वीं) दिनांक 10-04-2026 तक जिले के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों में संचालित होगी। परीक्षा अवधि में परीक्षा केंद्रों के आसपास ध्वनि विस्तार यंत्रों का प्रयोग होने से न्यूर्सेस (न्यूसेंस) पैदा होने की आशंका है, इस कारण परीक्षार्थियों को परीक्षा देने में कठिनाई हो सकती है। परीक्षा केंद्रों एवं परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर की परिधि में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत कानून व्यवस्था सुचारू रूप से संचालन करने के लिए सांप्रदायिक सद्भाव, लोक व्यवस्था बनाए रखने हेतु असामाजिक एवं शरारती तत्वों को पूर्णतः प्रतिबंधित करने की आवश्यकता है।कोई व्यक्ति राजनीतिक दल, छात्रध्कर्मचारी संगठन, संघ, ट्रेड यूनियन तथा अन्य कोई संघध्संगठन उपर्युक्त उल्लेखित परिसरों की सीमा से 200 मीटर के अंदर जुलूस, धरना, प्रदर्शन, आम सभा, नारेबाजी, भूख हड़ताल, आमरण अनशन नहीं करेगा और न ही किसी प्रकार के अनुचित संसाधनों का प्रयोग करेगा।

सुरखी विधानसभा के अंतिम छोर के गांव तक पहुंचेगी शिक्षाः मंत्री गोविंद सिंह राजपूत

# किसी भी प्राइवेट स्कूल से कम नहीं होगी सांदीपनि विद्यालय की शिक्षा और व्यवस्थाएंः मंत्री उदयप्रताप

**जैसीनगर में किया स्कूल शिक्षा एवं परिवहन विभाग मंत्री ने 38 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ, स्कूल शिक्षा मंत्री ने सुरखी विधानसभा क्षेत्र के लिए बड़ी घोषणा, जल्द खोले जाएंगे बिलहरा और सुरखी में करोड़ों की लागत से नये सांदीपनि विद्यालय**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



सुरखी विधानसभा क्षेत्र के जैसीनगर में विकास की एक और नई इबारत लिखी गई जहां 38 करोड़ की लागत से बने सांदीपनि विद्यालय का शुभारंभ स्कूल शिक्षा एवं परिहवन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह द्वारा किया गया। खाद्य,नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंत्री राव उदयप्रताप सिंह का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री राव उदयप्रताप सिंह ने कहा कि आज पूरे प्रदेश में निजी स्कूलों से अच्छे बन रहे सांदीपनि विद्यालय यह सब जनता जनार्दन के आर्शीवाद से ही संभव हुआ है। सिंह ने कहा कि देश का नेतृत्व आज एक ऐसा राष्ट्र भक्त व्यक्ति के हांथों में है जिनकी दृढ़ इच्छाशक्ति और संकल्पों से विश्व में एक अलग पहचान बना चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सपना है कि हर व्यक्ति सर पर छत हो, जिसको लेकर उनका अभियान चल रहा है। उनके नेतृत्व में हमारे जनप्रिय नेता डॉ.मोहन यादव लगातार म.प्र. को उंचाईयों की ओर ले जा रहे हैं। सरकार ने हर व्यक्ति की छोटी-छोटी चीजों को ध्यान में रखकर योजनाएं बनाई ताकि हर व्यक्ति विकास की योजनाओं से जुड़कर अपना और अपने परिवार का विकास कर सके। सिंह ने मंत्री गोविंद सिंह राजपूत को मसीहा बताते हुए कहा कि सुरखी की जनता ने एक मजबूत जनप्रतिनिधि को चुना है, जिसने जनता की आवाज को मजबूती से सरकार के सामने रखा और सुरखी विधानसभा में विकास के नये आयाम बनाये हैं। उन्होंने कहा कि सुरखी के पास एक नहीं दो-दो जनप्रतिनिधि है यदि मंत्री राजपूत भोपाल में होते हैं तो सुरखी के पास हीरा सिंह राजपूत हमेशा उपस्थित रहते हैं। स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह ने अपने उदबोधन में कहा कि मंत्री गोविंद सिंह राजपूत की मांग पर जल्द ही बिलहरा और सुरखी में करोड़ो के नये सांदीपनि विद्यालय खोले जायेंगें। अभी राहतगढ़ और जैसीनगर में आपके यहां यह विद्यालय खोले जा चुके हैं जिनमें प्राईवेट स्कूलों से अच्छी शिक्षा एवं व्यवस्थाएं मिलेगी। जिसमें अत्याधुनिक स्मार्ट क्लास, लैब, आने जाने के लिए बसें, डिजीटल लाजनिंग हब, पुस्तकालय, खेल परिसर, कोरीडोर, निःशुल्क कोचिंग, कैरियर काउंसिलिंग, इनडोर, आउटडोर खेल की सुविधा, बाउंड्रीवाल, आधुनिक तकनीकि और सुरक्षा मानको से लैस यह सांदीपनि विद्यालय ग्रामीण क्षेत्र के लिए शिक्षा की संजीवनी होगा।

इस अवसर पर खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने मंत्री उदयप्रताप सिंह का अभिनंदन करते हुए कहा कि स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदयप्रताप सिंह का विशेष स्नेह है कि उनसे जो भी मांग की जाती है वह पूरी होती है, उनकी कार्य कुशलता के चलते शिक्षा एवं परिवहन विभाग में कई नवाचार हो रहे हैं, जिनका फायदा जनता को मिल रहा है। राजपूत ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनकल्याणाकारी सोच और सपनों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव दृढ़ संकल्पों के साथ पूरा कर रहे हैं। जिनके मार्गदर्शन में सुरखी विधानसभा क्षेत्र सहित पूरे प्रदेश में चहुंओर विकास हो रहा है। राजपूत ने कहा कि सुरखी विधानसभा क्षेत्र के अंतिम गांव तक विकास योजनाएं पहुंच रही है, जिन गांव की आबादी भले ही पचास परिवारों की है वह भी पक्की सड़कों से जोड़े जाएंगे।



### 5 एंबुलेंस से 29 मरीजों को इलाज हेतु भोपाल भेजा

**गढाकोटा।** विधायक गोपाल भार्गव द्वारा महीने के प्रत्येक रविवार को क्षेत्र के हार्ट, किडनी, लीवर, कैंसर आदि गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों एवं उनके परिजनों को बेहतर उपचार हेतु एम्बुलेंस के माध्यम से भोपाल भेजने की पूर्ण व्यवस्था की जाती है। इसी क्रम में भोपाल इलाज हेतु जाने वाले 29 मरीजों एवं उनके परिजनों से गोपाल भार्गव ने भेंट कर उनका कुशलक्षेम जाना। तत्पश्चात कुल 62 क्षेत्रवासियों को 05 एम्बुलेंस सहित अन्य वाहनों द्वारा भोपाल उपचार हेतु रवाना किया गया। उन्होंने बताया कि सभी मरीज एवं परिजन रात्रि मेरे भोपाल स्थित निवास पर विश्राम करेंगे, जिसके उपरांत कल आवश्यकता अनुसार विभिन्न अस्पतालों में उपचार हेतु भेजा जाएगा। यह सेवा कार्य पूर्णतः निःशुल्क है और इसका उद्देश्य क्षेत्र के प्रत्येक जरूरतमंद मरीज को समय पर बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। जनसेवा के इस संकल्प में निरंतरता बनी रहे, इसके लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं, ताकि कोई भी मरीज उपचार के अभाव में परेशान न हो।



### सागर में भगवान परशुराम जी की विश्व की सबसे ऊंची 35 फुट की प्रतिमा स्थापित होगीः महापौर

**सागर।** महापौर संगीता सुशील तिवारी द्वारा सिविल लाइन चौराहा का नाम भगवान परशुराम चौराहा करने के ऐतिहासिक निर्णय के बाद नगर निगम द्वारा भगवान परशुराम चौराहा का सौंदर्यीकरण किए जाने हेतु भूमिपूजन कार्यक्रम महापौर संगीता सुशील तिवारी के मुख्य आतिथ्य में, विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी, निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार, वरिष्ठ भाजपा नेता एवं महापौर प्रतिनिधि डॉ सुशील तिवारी के विशिष्ट आतिथ्य एवं एम आई सी सदस्यों तथा शहर के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में रविवार को संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर संगीता तिवारी ने कहा कि आज का यह शुभ अवसर हम सभी के लिए गर्व और प्रसन्नता का विषय है। आज हम सागर शहर के एक महत्वपूर्ण चौराहे भगवान परशुराम चौक के सौंदर्यीकरण कार्य के भूमिपूजन के लिए यहाँ एकत्रित हुए हैं। भगवान परशुराम न्याय, शौर्य, तपस्या और सामाजिक समरसता के प्रतीक हैं। ऐसे महान आदर्श पुरुष के नाम से इस चौराहे की पहचान होना और अब उसका सुव्यवस्थित एवं सुंदर स्वरूप लेना, हमारे शहर की सांस्कृतिक चेतना को और अधिक सशक्त करेगा। महापौर ने कहा कि सौंदर्यीकरण केवल ईंट-पत्थर का कार्य नहीं होता यह शहर की सोच, उसकी पहचान और आने वाली पीढ़ियों के लिए छोड़ी गई विरासत होती है। इस चौक का विकास न केवल यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाएगा, बल्कि यह स्थान एक प्रेरणादायक स्थल के रूप में भी विकसित होगा। मैं इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और उन सभी नागरिकों का धन्यवाद करती हूँ, जिन्होंने इस कार्य के लिए अपने सुझाव, सहयोग और समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हमारा निरंतर प्रयास है कि सागर शहर विकास के साथ-साथ अपनी संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं को भी संजोकर आगे बढ़े। मैंने महसूस किया है कि सिविल लाइन चौराहा का नामकरण भगवान परशुराम के नाम होने के निर्णय के बाद से ही विप्र समाज के हित में एक बदलाव की क्रांति आई। मैं समझती हूं, सागर में पहली बार हुआ, जब किसी सार्वजनिक जगह का नामकरण परशुरामजी के नाम से हुआ। इसके बाद शिवाजी वार्ड में एक भवन भगवान परशुरामजी के नाम से लोकार्पित हुआ। भगवान परशुराम जी के नाम से ही एक अन्य बड़े भवन का निर्माण वर्तमान में मां हरसिद्धि मंदिर के पास बाघराज वार्ड में प्रमेन्द्र रिछारिया गोलू द्वारा कराया जा रहा है। महापौर ने कहा कि यह सब सबकी एकता से ही संभव हो पा रहा है। इससे पहले हमारा विप्र समाज इस तरह की सुविधाओं से अब तक अछूता ही रहा है, दरअसल, एकता और संगठन में शक्ति होती है। शास्त्रों में भी लिखा है संघे शक्ति युगे युगे...। महापौर ने कहा कि मैंने भगवान परशुराम जी की विश्व की सबसे ऊंची 35 फुट की प्रतिमा स्थापित करने के लिए घोषणा की थी उस पर निगम परिषद की स्वीकृति भी हो चुकी है। आने वाले समय में सभी की सहमति से भव्य और दिव्य प्रतिमा स्थापित की जाएगी।



## रमना स्कूल में लगा विज्ञान मेला

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीय एकीकृत शाला रमना में विज्ञान मेला (बाल शोध मेला) का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। विज्ञान मेला बड़े उत्साह और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। अतिथियों ने छात्रों द्वारा लगाया गया विज्ञान मॉडलों का अवलोकन किया। प्रधानाध्यापक देवेंद्र पंथी ने बताया कि इस विज्ञान मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच विकसित करना। नवाचार को प्रोत्साहित करना है।

विज्ञान मेले में छात्रों ने वॉटर प्यूरीफायर, ज्वाला मुखी का फटना, धातु पर विद्युत लेपनपेड़ पौधों पर अध्ययन, खाद्य पदार्थों का परीक्षण, दर्पण पर प्रतिबिम्ब, आकृतियों का क्षेत्रफल एवं परिमाप, वर्ग मशीन, हमारा विद्यालय, गांव का मांडल, साक्षात्कार आदि विभिन्न एवं आधुनिक तकनीक से जुड़े विषयों पर आकर्षक मॉडल और चार्ट प्रस्तुत किए।

जिन्हें देखकर अभिभावक, आगंतुक प्रभावित हुए। अतिथियों ने कहा कि इस तरह की आयोजन से छात्रों में विज्ञान की प्रति रुचि बढ़ती है। और आगे बढ़ने का मौका मिलता है। और उनके प्रयासों की सराहना की। अतिथियों ने कहा विज्ञान मेला बच्चों के अंदर छिपी वैज्ञानिक सोच को निकालने का सशक्त माध्यम है। छात्र-छात्राओं ने अपने मॉडलों के माध्यम से वैज्ञानिक सिद्धांतों को सरल भाषा में समझाया। जिसे देखकर उपस्थित लोग काफी प्रभावित हुए।

इस अवसर पर सरपंच नासिर खान, डीके पंथी, हरिशंकर शिल्पी, नत्थी विश्वकर्मा, गोविंद गुड़ारे, सुलेखा साहू, ऊमरा शाला प्राचार्य नन्हेंलाल अहिरवार, रतनारी स्कूल प्रभारी जितेंद्र सिंह राजपूत, जन शिक्षक वीरेंद्र तंतवाय, बसारी प्रभारी इमरान खान, बेलई प्रभारी मनोज गुड़ारे, वरुण गौर, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से अमित, राकेश, सत्य प्रकाश एवं अभिभावक बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

## माता शबरी का जीवन निःस्वार्थ भक्ति और सामाजिक समरसता का प्रतीकः अविराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ खुरई



पुराने जनपद चौराहा, खुरई में रामभक्त माता शबरी जयंती के पावन अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु, सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर युवा नेता अविराज सिंह ने कहा कि माता शबरी केवल एक भक्त नहीं, बल्कि संयम, त्याग, करुणा और निःस्वार्थ भक्ति की जीवंत प्रतिमूर्ति हैं। उनका जीवन आज के समाज, विशेषकर युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।

शोभायात्रा पूरे नगर में भ्रमण करते हुए पं. के.सी. शर्मा स्कूल परिसर पहुँची, जहाँ सर्व हिन्दू समाज के तत्वावधान में विशाल हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए अविराज सिंह ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि तर्क से ज्ञान प्राप्त होता है, लेकिन विश्वास से स्वयं प्रभु भक्त के द्वार तक आते हैं। माता शबरी किसी तीर्थ स्थल पर भगवान को खोजने नहीं गईं, बल्कि जहाँ थीं वहीं राममय हो गईं। उनकी निःस्वार्थ भक्ति के कारण भगवान श्रीराम स्वयं उनके आश्रम पधारे।

उन्होंने कहा कि माता शबरी द्वारा दिए गए झूठे बेरों को भगवान श्रीराम द्वारासहर्ष स्वीकार करना सामाजिक समरसता और समानता का संदेश देता है। एक क्षत्रिय राजा द्वारा वनवासी महिला के हाथों का प्रसाद स्वीकार करना छुआछूत और अस्पृश्यता के भाव को समाप्त करने वाली सामाजिक क्रांति का प्रतीक है। भगवान श्रीराम ने स्वयं यह संदेश दिया कि समाज में किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं होना चाहिए।

अविराज सिंह ने कहा कि माता शबरी के जीवन से हमें यह सीख मिलती है कि जब अहंकार समाप्त होता है, तभी प्रभु के प्रति सच्चा विश्वास जागृत होता है। निःस्वार्थ भक्ति ही प्रभु को सबसे अधिक प्रिय होती है। उन्होंने माता शबरी के जीवन से जुड़ी कथा का उल्लेख करते हुए बताया कि माता शबरी भील जनजाति के राजा की पुत्री थीं। जब उनका विवाह तय हुआ और विवाह के अवसर पर पशु बलि की तैयारी देखी गई, तो उन्होंने इसका विरोध किया। पशुओं के प्रति करुणा और सम्मान भाव के कारण उन्होंने विवाह से एक दिन पूर्व ही गृह त्याग कर जंगल का रुख किया। यह घटना उनके द्वारा जीव मात्र के प्रति सम्मान और अहिंसा के भाव को दर्शाती है।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राहुल चौधरी (खुरई चार मंडल अध्यक्ष), जमुना प्रसाद अहिरवार (जनपद अध्यक्ष खुरई), राजू चंदेल, रविंद्र राजपूत (खुरई ग्रामीण मंडल अध्यक्ष), इंद्रराज सिंह ठाकुर, राजू आदिवासी पार्षद, महेंद्र आदिवासी, राजेश आदिवासी, दरयाव आदिवासी एवं सुमेर आदिवासी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

23 अप्रैल को चित्रगुप्त भगवान के प्राकट्योत्सव दिवस पर आयोजित की जाएगी वाहन रैली

# चित्रगुप्त जी का काज है सब कोई दीजिए साथ चित्रगुप्त जी के नाम से रैली का आगाज, बुंदेलखंड कायस्थ समाज की बैठक आयोजित

**72 दिनों में रैली को भव्य और दिव्य बनाने का युवाओं ने लिया संकल्प, सोनू खरे को सर्वसम्मति से बनाया गया बुंदेलखंड युवा कायस्थ समाज का नगर अध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर



बुंदेलखंड कायस्थ समाज की बैठक परकोटा स्थित श्री देव चित्रगुप्त मंदिर में आयोजित की गई जिसमें संगठन द्वारा आयोजित किए जाने वाले आगामी कार्यक्रमों एवं सदस्यता अभियान के विषय में जानकारी दी गई इस अवसर पर संरक्षक पीके श्रीवास्तव ने बताया कि बुंदेलखंड कायस्थ समाज का गठन समाज में व्याप्त कुरीतियों को दूर करने के लिए किया गया है इस संगठन का उद्देश्य समाज के सभी वर्गों को एकजुट कर उनके सुख-दुख में सहयोग कर सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना है सलाहकार समिति सदस्य उमाशंकर खरे ने आगामी वार्डों में चलाए जा रहे सदस्यता अभियान के विषय मे जानकारी दी। कोषाध्यक्ष संदीप वर्मा एवं उपाध्यक्ष मनोज श्रीवास्तव ने कहा की बुंदेलखंड कायस्थ समाज की ओर समाज के लोगों का समर्पण भाव यह सिद्ध करता है की आने वाले समय में यह एक विशाल स्वरूप में स्थापित होगा संयुक्त सचिव संजय श्रीवास्तव ने भी संबोधित कर अपने विचार व्यक्त किये। अध्यक्ष हेमंत श्रीवास्तव ने कहा की आज से ही हम सभी लोग विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी आगामी 23 अप्रैल दिन गुरुवार को कायस्थ समाज के आराध्य देव भगवान श्री चित्रगुप्त जी के प्राकट्योत्सव दिवस पर विशाल वाहन रैली आयोजित करने का शंखनाद करते हैं। जिसकी तैयारियां आज से ही शुरू कर दी गई है और आगामी बैठक में रैली के शुभारंभ समापन एवं समय की घोषणा कर दी जाएगी। सचिव चंद्रहास श्रीवास्तव ने कहा कि रैली की तैयारियों के लिए हमारे पास अभी 72 दिनों का समय है हम सभी समाज के युवा वरिष्ठ एवं बुजुर्ग मिलकर इस रैली को एक विशाल और विराट रूप में आयोजित कर सकते हैं।

बैठक में युवाओं ने रैली को भव्य और दिव्य बनाने का संकल्प लिया बैठक का संचालन विधी सलाहकार एड विकास श्रीवास्तव ने एवं आभार प्रदर्शन राजीव श्रीवास्तव ने किया। बैठक में सर्वसम्मति से मोतीनगर निवासी सोनू खरे को बुंदेलखंड युवा कायस्थ समाज का नगर अध्यक्ष नियुक्त किया गया। बैठक में शामिल होने वालों में रविप्रकाश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, आर के श्रीवास्तव, आनंद श्रीवास्तव समेत अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से गत तीन सप्ताह में 90 जरुरतमंदों को निःशुल्क रक्त मिला

**सागर।** मध्यप्रदेश के पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के कार्यालय से संचालित रक्त सेवा हेल्पलाइन सेंटर के माध्यम से 19 जनवरी से 7 फरवरी के मध्य 90 जरूरतमंद मरीजों को निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया गया है। विगत 2 जून, 2025 को आरंभ हुए इस सेवा प्रकल्प से अभी तक कुल 530 गरीब जरूरतमंदों को रक्त उपलब्ध कराया जा चुका है। "भूपेंद्र भैया की ब्लड हेल्प हेल्पलाइन" सागर जिले के बीमारों और जरूरतमंदों के लिए जीवन रक्षक बन कर सामने आई है। इस जनोपयोगी प्रकल्प रक्त हेल्पलाइन सेवा के माध्यम से जरूरतमंदों मरीजों को निशुल्क रक्त उपलब्ध कराते हुए मरीजों की जान और पैसा दोनों बचाए जा सके हैं। गत 3 सप्ताह में जिन 90 जरूरतमंदों को इस सेवा से रक्त उपलब्ध हुआ उनमें सागर जिले के क्षेत्रों, बंडा, केसली, गौरझामर, गढ़ाकोटा, खुरई, सुरखी, रहली राहतगढ़ मालथौन, नरयावली, बांदरी, बीना के ग्रामों व वार्डों से सागर संभागीय मुख्यालय पर इलाज कराने आए मरीज शामिल हैं। रक्तदान को सेवा प्रकल्प के रूप में अपनाने वाले पूर्व गृहमंत्री एवं खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह तथा उनके पुत्र अविराज सिंह के जन्मदिन पर इस वर्ष के मई तथा नवंबर माहों आयोजित हुए दो रक्तदान शिविरों में लगभग 2181 यूनिट रक्तदान हुआ है और पिछले दस सालों में लगभग 17 हजार यूनिट रक्त एकत्रित हुआ है। इस महत्वपूर्ण सेवा कार्य की उपलब्धि को इंडिया बुक आफ रिकाड्र्स संस्था ने रिकार्ड के रूप में दर्ज कर उन्हें इसका प्रमाण पत्र भी पिछले दिनों भेंट किया है।उल्लेखनीय है कि पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह स्वयं निःशुल्क रक्त सेवा हेल्पलाइन की सतत मानीटरिंग करते हैं। उन्होंने बताया है कि इस हेल्पलाइन सेंटर का मोबाइल नंबर 9228035418 है, जो चौबीस घंटे चालू रहता है। इसके साथ ही एक लैंडलाइन नंबर 262688 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। इमरजेंसी में पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के स्वयं के मोबाइल नंबर 9425171211 पर काल, वाट्सएप या एसएमएस किया जा सकता है।

## खबर संक्षेप



### बैठक कर पेंशनर्सों ने जताया रोष

**ललितपुर।** कोषागार पेंशनर्स कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मचारी एवं पेंशन एसोसिशन शाखा ललितपुर की मासिक बैठक जे.के.सिंह सेवानिवृत वाणिज्य कर अधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। जिसमें 17 दिसम्बर 2025 को वार्षिक पेंशन दिवस का जो आयोजन कलेक्ट्रेट में आयोजित किया गया था जिसमें उठाए गए बिंदुओं में जल संस्थान के सेवानिवृत्त कर्मचारी के पेंशन, वर्ष 2008 से लम्बित वन विभाग के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के एरियर, स्वास्थ विभाग में किडनी रोग विशेषज्ञ की तैनाती न होने के कारण तथा दिए गए ज्ञापन में बेसिक शिक्षा विभाग के 2006 से 2015 तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों को नोडल वेतन वृद्धि के संबंध में व सिंचाई विभाग से सेवानिवृत अमरसिंह पाल चौकीदार के पेंशन प्रकरण पर त्वरित कार्रवाई हेतु तथा सेतु निगम द्वारा बनाए गये देवगढ़ पुल के दोनों तरफ रोड अब तक न बनाए जाने के संबंध में ज्ञापन देकर यह अपेक्षा की गई थी कि इन बिंदुओं पर शीघ्रताशीघ्र प्रगति के तथ्यों से अवगत कराया जाएगा। किंतु लगभग दो माह का समय व्यतीत होने के बाद भी संगठन को कृत कार्यवाही से अवगत नहीं कराया गया है और न ही जिलाधिकारी के संज्ञान में लाकर कोई कार्यवाही की गई प्रतीत नहीं होती है जिसे तुरन्त संबंधित विभागों द्वारा कोई कार्यवाही न होने की दशा में पेंशनरों द्वारा आन्दोलन की घोषणा कर शासन स्तर एवं प्रांतीय स्तर पर लिखित कार्यवाही की जाएगी। बैठक में एजाज अली, हजारीलाल पाल, डा.आर.सी.जगरिया, तिलकराम कौशिक, गंगाराम शर्मा, हरीश तिवारी, पुरुषोत्तम तिवारी, दिनेश चंद अध्यापक आदि उपस्थित रहे।

### जल अर्पण दिवस का आयोजन किया

**ललितपुर।** ग्राम पंचायत पटसेमरा में शनिवार को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जल अर्पण दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यमंत्री मनोहर लाल, एडीएम नमामि गंगे राजेश कुमार श्रीवास्तव, भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, ब्लॉक प्रमुख मोहित निरंजन, चंद्रशेखर, पूर्व जिलाध्यक्ष प्रदीप चौबे, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण अवनीश सिंह सहित अन्य अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि मसौरा-सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के तहत 45 गांवों में घर-घर नल से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति की जा रही है। इस योजना में इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, ओवरहेड टैंक और पाइप लाइन का निर्माण किया गया है। जल अर्पण दिवस के अवसर पर पेयजल व्यवस्था का संचालन व रख-रखाव ग्राम पंचायत को सौंपा गया। राज्यमंत्री ने जल संरक्षण पर जोर देते हुए ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग की अपील की। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों और ग्रामीणों द्वारा जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित की गईं। ग्राम प्रधान गोपाल सिंह तोमर ने योजना के लिए शासन व प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

### शादी से लौट रहे युवक से मारपीट

**ललितपुर।** थाना तालबेहट क्षेत्र में शादी समारोह से लौट रहे एक युवक के साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने एक नामजद और एक अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम रामपुर निवासी रॉकीराजा पुत्र स्व.हरेंद्र सिंह ने थाना तालबेहट में दी गई तहरीर में बताया कि 5 फरवरी की रात करीब 10.30 बजे वह एक शादी समारोह में शामिल होकर खाना खाकर अपने घर लौट रहा था। इसी दौरान पौराला पेट्रोल पंप के पास तालबेहट क्षेत्र में उसे रास्ते में रोक लिया गया। पीड़ित के अनुसार, माताटीला निवासी बॉबी राजा पुत्र राजेंद्र सिंह अपने एक अज्ञात साथी के साथ वहां मौजूद था। दोनों ने बिना किसी कारण के रॉकीराजा को गालियां देते हुये मारपीट कर दी।

## ब्लॉक पलेरा में हुआ सामूहिक दवा सेवन अभियान का शुभारंभ

# 468 लोगों की टीम कराएगी 2 लाख 49 हजार की आबादी को दवा सेवन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 फरवरी से 24 फरवरी तक आयोजित होने वाले सामूहिक दवा सेवन अभियान को सफलतापूर्वक ब्लॉक पलेरा में संचालित करने के उद्देश्य से आज शासकीय मॉडल स्कूल पलेरा में कलेक्टर विवेक श्रोतिय के मार्गदर्शन में शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अपर कलेक्टर शिव प्रसाद मंडराह ने की। उन्होंने पलेरा को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए अंतर विभागीय समन्वय के साथ एकीकृत समग्र प्रयास करने का आव्हान किया और स्वयं और अपने परिवार और समाज के हित में निर्धारित दवा सेवन करने के लिए निर्देशित किया।

कार्यक्र में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ ओपी अनुरागी द्वारा बताया गया कि यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है। यह अभियान दिनांक 10 से 24 फरवरी के बीच चलाया जाएगा। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता टीम के रूप में कार्य कर 10 से 12 फरवरी तक बूथ पर एवं दिनांक 14 से 24 फरवरी के बीच घर-घर दवा दवा सेवन कराने का कार्य करेंगे। ब्लॉक पलेरा की लगभग 2 लाख 49 हजार की आबादी को दवा सेवन कराने के लिए 468 टीम का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम में दो सदस्य कार्य करेंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुनील खटीक विधायक प्रतिनिधि द्वारा ब्लॉक पलेरा को फाइलेरिया मुक्त बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को सहयोग करने के लिए स्थानीय और क्षेत्रीय जन प्रतिनिधियों के स्तर पर बेहतर कार्य करने की बात कही और दवा सेवन अभियान को जन अभियान के रूप में आगे बढ़ाने के लिए सभी से आग्रह भी किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राजेश पटेरिया, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पलेरा, पवन सिंग्या, डॉ सुनील कटियार जिला समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद, जिला मलेरिया अधिकारी एच एम रावत, तहसीलदार कुलदीप सिंह, अक्षिता शर्मा सहायक संचालक शिक्षा , सीडीपीओ प्रदीप मिश्रा, बीएमओ डॉक्टर अजय गुप्ता मॉडल स्कूल प्राचार्य के के राजपूत, विकासखंड समन्वयक मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद डॉक्टर राज कुमार जैन, मनोज नायक प्रभारी मीडिया अधिकारी स्वास्थ्य, मीडिया प्रतिनिधि, आशा कार्यकर्ता आंगनवाड़ी कार्यकर्ता चिन्हित ग्रामों के सरपंच और सचिव, रोजगार सहायक, विद्यार्थी और स्थानीय निवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक आरके जैन एवं किरण भार्गव द्वारा किया गया।

## बुंदेली चौपाल से शिकायतों में 36 प्रतिशत की गिरावट

# पुलिस अधीक्षक की पहल से ग्रामीण अंचलों में पुलिस जनता संवाद बनी निर्णायक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा प्रारंभ की गई बुंदेली जनसंवाद चौपाल पहल ग्रामीण अंचलों में पुलिस और नागरिकों के बीच संवाद एवं विश्वास स्थापित करने की दिशा में एक प्रभावी कदम के रूप में सामने आई है। यह पहल पुलिस की कार्यसंस्कृति को जनसहभागिता, संवेदनशीलता एवं समाधान केंद्रित दृष्टिकोण से जोड़ रही है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा निर्देशित किया गया है कि पुलिस बल केवल शिकायत दर्ज करने तक सीमित न रहे, बल्कि नागरिकों की समस्याओं को उनके बीच जाकर सुने और प्राथमिक स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित करे। इसी उद्देश्य से थाना एवं चौकी स्तर पर नियमित रूप से जनसंवाद चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। बुंदेली जनसंवाद चौपाल के माध्यम से थाना एवं चौकी के अधिकारी-कर्मचारी ग्राम स्तर पर नागरिकों के साथ खुले वातावरण में बैठकर संवाद स्थापित कर रहे हैं। इस दौरान ग्रामीणों की सामाजिक, पारिवारिक, सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था से जुड़ी समस्याओं को गंभीरता से सुना जा रहा है तथा यथासंभव तत्काल निराकरण अथवा आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में दिगोड़ा, बम्हौरी, बुढेरा की पुलिस टीम द्वारा थाना व चौकी क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में बुंदेली जनसंवाद चौपालों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, स्थानीय जनप्रतिनिधि, महिला समूह एवं युवा वर्ग ने सहभागिता की और अपनी समस्याएं एवं सुझाव पुलिस के समक्ष रखे। धार्मिक स्थलों एवं आवासीय परिसरों की सुरक्षा हेतु सीसीटीवी कैमरे स्थापित करने एवं दान पेटियों की नियमित जांच पर बल दिया गया। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना समय पर पुलिस को देने हेतु नागरिकों को प्रेरित किया गया।

## जबरदस्ती करने व अश्लील वीडियो वायरल का मामला

# पीड़िता ने शादी टूटने के बाद दर्ज कराई रिपोर्ट

**ललितपुर।** महरौनी थाना क्षेत्र से एक बेहद गंभीर और शर्मनाक मामला सामने आया है, जिसमें एक युवती के साथ जबरजस्ती करने, उसकी अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने और सामाजिक प्रतिष्ठा को तार-तार करने का आरोप लगा है। मामले में पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने एक नामजद आरोपी सहित कई अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थाना मडावरा क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली युवती ने थाना महरौनी में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह एक वर्ष पूर्व एक डिग्री कॉलेज में अध्ययनरत थी। परीक्षा देने के लिए वह बस से कॉलेज गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद कॉलेज से बाहर निकलते समय गांव का ही एक युवक मिला और उसने उससे अपनी मोटर साइकिल से घर छोडऩे की बात कहकर साथ ले गया।

### बेहोश कर ले जाया गया

पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने अपने पास रखे तौलिए में किसी नशीले पदार्थ का प्रयोग कर उसे बेहोश कर दिया। इसके बाद उसे किसी अज्ञात स्थान पर ले जाया गया, जहां उसके साथ जबरजस्ती की। पीड़िता को इस दौरान किसी भी प्रकार का होश नहीं रहा। कुछ समय बाद वह किसी तरह अपने घर पहुंची, लेकिन उसे इस बात की जानकारी नहीं थी कि उसके साथ क्या-क्या किया गया। पुलिस ने बताया कि मामला बेहद गंभीर है। पीड़िता का बयान दर्ज कर लिया गया है और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की जांच की जा रही है। वायरल वीडियो की फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है। जल्द ही पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

### युवती संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

ललितपुर। कोतवाली ललितपुर क्षेत्र से एक 19 वर्षीय युवती के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने का मामला सामने आया है। युवती की मां की तहरीर पर पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर युवती की तलाश शुरू कर दी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी महिला ने कोतवाली ललितपुर में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी 19 वर्षीय पुत्री 5 फरवरी को दोपहर करीब 2 बजे अचानक घर से लापता हो गई। उस समय वह अस्पताल से दवा लेकर घर लौटी थीं, लेकिन घर पहुंचने पर उनकी बेटी मौजूद नहीं थी।

## पुलिस अधीक्षक ने 9 नव नियुक्त आरक्षकों को सौंपे नियुक्ति आदेश

# अपराध नियंत्रण में आरक्षकों की भूमिका केंद्रीय व अत्यंत महत्वपूर्णः मंडलोई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

एक औपचारिक समारोह के दौरान पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नव नियुक्त 9 आरक्षकों को उनके नियुक्ति आदेश प्रदान किए। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाहा, रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान तथा कार्यालयीय कर्मचारियों की उपस्थिति रही। समारोह का प्रारंभ पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा नव आरक्षकों का सौहार्दपूर्ण स्वागत करते हुए बधाई संदेश देकर किया गया। अपने संबोधन में एसपी मंडलोई ने कहा कि आरक्षक पद पुलिस बल की मूल शक्ति है। समाज में कानून-व्यवस्था की स्थिरता, नागरिकों में सुरक्षा की भावना और अपराध नियंत्रण में आरक्षकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय होती है। उन्होंने नवनियुक्त आरक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि पुलिस सेवा केवल एक नौकरी नहीं, बल्कि कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन और सेवा भावना पर आधारित एक गौरवपूर्ण दायित्व है। उन्होंने नव आरक्षकों से अपेक्षा व्यक्त करते हुए कहा कि वे अपनी सेवाओं में निष्पक्ष, संवेदनशील और अनुशासित आचरण को सर्वोपरि मानें और संगठन तथा समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ करें। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने यह भी निर्देशित किया कि प्रशिक्षण अवधि और मैदानी कर्तव्यों में सभी नव नियुक्त आरक्षक कर्तव्यपरायणता, निष्ठा और ईमानदारी के मानकों पर खरे उतरें। समारोह के समापन पर नव आरक्षकों को मुँह मीठा कराकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएँ दी गईं। नवनियुक्त आरक्षकों ने कहा कि यह अवसर हम सभी नव नियुक्त कर्मियों में आत्मविश्वास, सेवा के प्रति समर्पण और संगठन के प्रति गर्व की भावना को सुदृढ़ करने वाला सिद्ध हुआ।

## एसपी के जागरूकता अभियानों का परिणाम आया सामने

# सड़क हादसों को लेकर मृत्यु दर में रिकार्ड की गई 7 प्रतिशत की कमी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

पुलिस द्वारा सड़क पर सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने और नागरिकों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा विशेष रूप से सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। एसपी मंडलोई के निर्देशन में इस अभियान के अंतर्गत जिलेभर में पुलिस टीमों द्वारा विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं। जिसके सुखद परिणाम भी सामने आने लगे है।

सड़क हादसों को लेकर मृत्यु दर में जिले भर में 7 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। जिला पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने सभी थाना एवं चौकी प्रभारियों को निर्देश दिए हैं कि वे ग्रामीण और नगरीय क्षेत्रों में जाकर लोगों से संवाद करें, उन्हें ट्रैफिक नियमों का पालन करने हेतु प्रेरित करें, और सड़क सुरक्षा को जनसामान्य की जीवनशैली का हिस्सा बनाने के लिए जागरूकता गतिविधियाँ संचालित करें। इसी श्रृंखला के अंतर्गत 7 फरवरी को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विक्रम सिंह कुशवाह एवं एसडीओपी जतारा अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में लिधोरा थाना की पुलिस टीम द्वारा थाना व चौकी क्षेत्र में आमजन को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। पुलिस टीम ने नागरिकों को नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया। इस दौरान हेलमेट एवं सीटबेल्ट पहनने की आवश्यकता पर जोर दिया गया, और गोल्डन ऑवर्स व गुड सेमेरिटन योजना की जानकारी दी गई। इसके साघ ही सभी उपस्थित लोगों को यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर तेज गति से वाहन चलाने, शराब पीकर ड्राइव करने, अधिक सवारियों के साथ वाहन चलाने और ओवरलोडिंग जैसी खतरनाक आदतों के दुष्परिणामों पर चर्चा की गई। साथ ही राहवीर योजना के माध्यम से दुर्घटना पीड़ितों की मदद करने के लिए लोगों को प्रेरित किया गया। पुलिस प्रशासन ने जिले के समस्त नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, सुरक्षित यात्रा करें और स्वयं तथा दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें।

**पुलिस टीमों द्वारा विविध गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं**

# जिलाधिकारी ने देखा, रोड़ा में मुख्यमंत्री कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य 35 प्रतिशत तक पूर्ण

**ललितपुर।** शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और बच्चों को उच्च स्तरीय शिक्षा की उपलब्धता के लिए सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मई 2025 में जनपद को मॉडल कम्पोजित विद्यालय की सौगात दी थी, जिसमें प्री प्राइमरी से लेकर इंटरमीडिएट के बच्चे एक ही विद्यालय में रहकर शिक्षा ले सकेंगे, जिसके क्रम में जनपद के ग्राम रोडा में कम्पोजिट विद्यालय का निर्माण कार्य प्रारंभ हो चुका है और लगभग 35 प्रतिशत पूर्ण भी हो चुका है, इसी के क्रम में जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री मॉडल कम्पोजिट विद्यालय के निर्माण कार्य का मौके पर जाकर निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आवास विकास के अधिकारियों व कार्यदायी संस्था को कार्य की प्रगति बढ़ाते हुए कार्य गुणवत्ता पूर्वक समयान्तर्गत पूर्ण कराने तथा समय-समय पर कार्य की थर्ड पार्टी जांच कराये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिले, इसके लिए सरकार द्वारा जनपद को यह सौगात दी गई है, इसमें किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, कार्य की गुणवत्ता से किसी भी दशा में समझौता नहीं होना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि विद्यालय के बन जाने से यहां एक ही विद्यालय में प्री प्राईमरी से लेकर इण्टरमीडिएट तक के बच्चों को उच्च शिक्षा मिलेगी। आवास विकास परिषद के अधिकारियों ने मुख्यमंत्री की घोषणा के बाद जून 2025 से विद्यालय का निर्माण शुरु करा दिया गया है, जिसकी लागत 2388.34 लाख है, इसमें मुख्य भवन, मिडडेमील भवन, बाल बाटिका भवन, मल्टीपरपज हॉल, प्रिन्सपल रेजीडेन्स, स्टाफ रेजीडेन्स, डोरमेट्री भवन, गार्ड रूम, बाउण्ड्रीवाल, स्टोर्म वाटर डेज्न, सैप्टिक टैंक एवं सोकपिट, पम्परूम, सीसी रोड, इंटरलाकिंग, फायर फाइटिंग, आन्तरिक एवं बाहय विकास कार्य शामिल हैं। प्रथम किश्त के रूप में रू0 1210.775 लाख अवमुक्त किये गये हैं जिसमें रू0 900.00 लाख का उपयोग करते हुए मुख्य भवन (जी 2) भूतल व प्रथमतल की छत ढलाई, बाउण्ड्रीवाल की चिनाई, प्रिसिंपल आवास की प्लास्टर आदि कार्य प्रगति पर पाया गया।

# निवेश के नाम पर 10 लाख की ठगी मुंबई निवासी पर मुकदमा दर्ज किया

**ललितपुर।** थाना महरौनी क्षेत्र में निवेश के नाम पर ठगी का एक गंभीर मामला सामने आया है। ग्राम कुआघोषी निवासी छत्रपाल सिंह ने मुंबई निवासी एक व्यक्ति पर 10 लाख रुपये की धोखाधड़ी, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित छत्रपाल सिंह पुत्र माधव सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी पहचान फोन के माध्यम से दशरथ कोखरे नामक व्यक्ति से हुई थी, जो वर्तमान में नवी मुंबई (महाराष्ट्र) में रहता है। आरोपी ने स्वयं को सोहम इम्पैक्स नामक फर्म से जुड़ा बताते हुए उसमें निवेश करने का प्रस्ताव दिया। उसने हर माह 10 से 15 प्रतिशत तक मुनाफा देने और समय पर पूरी रकम वापस करने का भरोसा दिलाया। आरोपी की बातों में आकर छत्रपाल सिंह ने अपनी जमीन और जेवर गिरवी रखकर पैसों की व्यवस्था की। इसके बाद 15 जुलाई 2025 को उन्होंने आरटीजीएस के माध्यम से फर्म के खाते में 10 लाख रुपये ट्रांसफर किए। कुछ समय तक आरोपी टालमटोल करता रहा, लेकिन जब लंबे समय बाद भी न तो मुनाफा मिला और न ही मूल धन वापस हुआ, तो पीड़ित को ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित का आरोप है कि जब उसने अपने पैसे वापस मांगे तो आरोपी ने गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। लगातार दबाव और भय के चलते पीड़ित ने थाना महरौनी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले को गंभीर मानते हुए भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 316(2) (धोखाधड़ी), 351(3) (आपराधिक धमकी) और 352 (गाली-गलौज, दुव्यवहार) के तहत मुकदमा पंजीकृत किया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक अरविंद कुमार यादव को सौंपी गई है। थाना प्रभारी महरौनी ने बताया कि आरोपी की तलाश की जा रही है।

## अब नेशनल लेवल पर दिखाएंगे अपनी प्रतिभा

# विज्ञान प्रतियोगिता जिज्ञासा में छात्र सचिन ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर



हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित क्षेत्रीय स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता जिज्ञासा में छात्र सचिन विश्वकर्मा ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। पूर्व माध्यमिक विद्यालय, पनारी के इस मेधावी छात्र ने प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर अपने स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

इस क्षेत्रीय प्रतियोगिता में विभिन्न प्रदेशों से लगभग 42 मॉडल प्रदर्शित किए गए थे। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सचिन के मॉडल को जजों ने सराहा और उन्हें दूसरा स्थान प्रदान किया। इस शानदार उपलब्धि के साथ ही सचिन का चयन अब नेशनल लेवल (राष्ट्रीय स्तर) की जिज्ञासा प्रतियोगिता के लिए भी हो गया है। इसके अतिरिक्त, सचिन के मॉडल की उपयोगिता को देखते हुए हुंडई मोटर इंडिया फाउंडेशन द्वारा 9-10 फरवरी को दिल्ली में आयोजित होने वाले विज्ञान मेले इनोफेस्ट के लिए भी विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

### पैरों के दबाव से बनेगी बिजली

सचिन का यह अभिनव मॉडल स्वच्छ ऊर्जा पर आधारित है। इस मॉडल की विशेषता यह है कि यह लोगों के चलने से उनके पैरों द्वारा लगाए गए बल (दबाव) का उपयोग कर बिजली उत्पन्न करता है। ऊर्जा संकट के समाधान की दिशा में इसे एक बेहतरीन छात्र नवाचार माना जा रहा है।

### इनका रहा विशेष सहयोग

सचिन की इस सफलता के पीछे उनके मार्गदर्शकों का बड़ा हाथ है। मॉडल को तैयार करने में विद्या वाहिनी की ओर से संजीव पटेल और विज्ञान अध्यापक मो.जाकिर ने विशेष तकनीकी सहयोग प्रदान किया। विद्या वाहिनी के एरिया लीड नीरज शर्मा ने सचिन के हुनर की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए विद्या वाहिनी कार्यक्रम की प्रशंसा की और सचिन को बधाई दी। इस उपलक्ष्य में प्रधानाध्यापिका सीमा जैन, सअ प्रतिभा यादव, सीमा जैन, तारा तिवारी, मोहम्मद जाकिर और विद्या वाहिनी के संजीव पटेल उपस्थित रहे।

### वन्यजीव की सुरक्षा को लेकर वनकर्मी और वनवासी आमने सामने

# तेंदुआ को प्रताड़ना देने के आरोप से नाराज़ आदिवासियों ने लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो में चीते आने के बाद जहां चीतो से पर्यटन व्यवसाय बढ़ाने की उम्मीद की जा रही थी वहीं वन्य जीवों की सुरक्षा को लेकर वनकर्मी और वनवासियों के आमने सामने होने की स्थिति भी निर्मित होने लग गई है। इसकी बानगी रविवार को श्योपुर और शिवपुरी जिले की सीमाओं को विभाजित करने वाले बांसरैया गांव के पास हाईवे पर आदिवासियों द्वारा लगाए गए जाम के रूप में देखने को मिली। वन्यजीव (तेंदुआ) को प्रताड़ना देने के आरोप में वन कर्मियों द्वारा प्रताड़ित करने के आरोप में आदिवासियों ने हाइवे पर एक गाय का शव रखकर जाम लगा दिया। आदिवासियों का आरोप है कि वन कर्मियों ने उनके घरों में डॉग स्क्वाड के साथ घुसकर न सिर्फ दहशत फैलाने का काम किया बल्कि उन पर वन्य जीव को प्रताड़ित करने का झूठा आरोप भी लगाया। खास बात यह रही कि आदिवासियों ने गाय के शव को रखकर जाम लगाया था और वह कह रहे थे कि आपके जंगली जानवर ने हमारे पालतू जानवर को मारा है जब आपका जानवर मरता है तो आप आसमान सिर पर उठा लेते हो और अब आपके जानवर ने हमारे पालतू जानवर को मारा है तो हमे भी इंसाफ चाहिए। वन्य जीवों को लेकर कूनो परिक्षेत्र से जुड़े गांवों में इस तरह का विरोध प्रोजेक्ट चीता के लिहाज से अच्छे संकेत नहीं है।

शिवपुरी जिले की सीमा पर बसे श्योपुर जिले के बांसरैया गांव में ग्रामीण की गाय पर किसी जंगली जानवर ने हमला कर उसका शिकार कर लिया ग्रामीणों ने गाय को जंगली जानवर से छुड़ा तो लिया लेकिन उसके प्राण नहीं बचा सके। गाय की मौत से आहत ग्रामीणों ने रविवार की सुबह 10 बजे जाम लगा दिया जो दोपहर 12 बजे तक चला। इस दौरान सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं जिससे यात्री बसों में बैठे यात्री परेशान होते रहे। बाद में मौके पर पहुंची तहसीलदार रोशनी शेख और वन विभाग के आला अधिकारियों द्वारा समझाने के बाद ग्रामीण जाम खोलने पर राजी हुए लेकिन वन्य जीवों को लेकर वनवासियों ओर वन कर्मियों के बीच विवाद ने प्रोजेक्ट चीता से जुड़े अफसरों को वन्य जीवों की सुरक्षा के लिए सेंचुरी से सटे गांवों के ग्रामीणों से सामंजस्य बनाने को लेकर सोचने को जरूर मजबूर कर दिया।



#### क्या है वन्य जीव को प्रताड़ित करने का मामला

वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार हाल ही में बड़े तालाब और कमरमटी तालाब के पास एक तेंदुआ फंदे में फंसा मिला था, संभवतः किसी शिकारी ने वन्य जीव का शिकार करने के उद्देश्य से वहां फंदा लगाया होगा। हालांकि तेंदुआ भी वन विभाग और कूनो प्रशासन के लिए वन्य जीव होकर महत्वपूर्ण है लेकिन उनकी चिंता चीतों को लेकर भी अधिक है ऐसा तो नहीं किसी ने चीतों को फसाने के लिए यह फंदा लगाया हो? शायद इसी को ध्यान में रखते हुए कूनो प्रशासन ने ताबड़तोड़ कार्रवाई कर घरों की तलाशी ली।

#### डॉग स्क्वाड के साथ तलाशी से ग्रामीण आक्रोशित

ग्रामीणों का आक्रोश सिर्फ वन्य जीव द्वारा उनकी गाय पर हमला कर मार डालने को लेकर ही नाराजगी नहीं थी बल्कि वे दो दिन पहले उनके घरों में डॉग स्क्वाड के साथ की गई तलाशी से भी नाराज थे। सरपंच ममता आदिवासी ने बताया कि जब गांव के अधिकांश लोग खेतों और जंगल में काम पर गए हुए थे, उसी दौरान कूनो अभ्यारण की टीम डॉग स्क्वाड के साथ गांव पहुंची और घर-घर तलाशी ली। उस समय कई घरों में केवल छोटे बच्चे ही मौजूद थे जो इस तरह कुत्ते के साथ वर्दी धारियों को घरों में घुसकर घर को तहस नहस कर देने से भयभीत हो गए थे। वन कर्मियों के इस अमानवीय व्यवहार का बच्चों के मानसिक विकास पर विपरीत प्रभाव पड़ सकता है। सरपंच ने कहा कि जांच में कुछ भी नहीं मिला, इसके बावजूद वन विभाग आदिवासी समाज पर शिकार के झूठे आरोप लगा रहा है।

#### इनका कहना...

किसी जंगली जानवर ने जिस ग्रामीण की गाय का शिकार किया है उसे मुआवजा दिया जाएगा। घरों की तलाशी लेने से आदिवासी नाराज थे समझाइश दी गई है। वन्य जीवों की सुरक्षा में वन विभाग की मदद ग्रामीण करेंगे इसकी भी समझाइश दी गई है।

**रोशनी शेख**
**तहसीलदार कराहल**

आदिवासी कभी भी जंगली जानवर का शिकार नहीं करते हम वन्य जीवो को देवता मानकर पूजते हैं वह हमारे वंशज हैं लेकिन वन कर्मियों ने हमारे ऊपर वन्य जीव का शिकार करने का झूठा आरोप लगाकर घरों की तलाशी लेते हुए बच्चों को दहशत में डालने का काम किया है। जिससे ग्रामीण नाराज थे ग्रामीण हमेशा वन्यजीवों की रक्षा करते रहे हैं आगे भी करेंगे।

**राजू आदिवासी**
**सरपंच प्रतिनिधि ग्रापं बांसरैसा**

### जैदा में हुई चोरी की वारदात का कोतवाली पुलिस ने किया खुलासा

# चोरी के बाद चोर जेवरों को बाजार में बेचने से पहले ही पुलिस ने माल समेत दबोच लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना क्षेत्र के गांव जैदा में तीन दिन पहले दिनदहाडे एक घर से हुई चोरी की वारदात को ट्रेस कर लिया है। पुलिस ने इस चोरी की वारदात को अंजाम देने वाले शातिर चोर को न सिर्फ दबोचा है,बल्कि उसके कब्जे से चुराया गया पूरा माल भी बरामद कर लिया है। बताया जा रहा है कि चोर ने चोरी करने के बाद माल को अपने घर में जाकर छिपा दिया था। मामला शांत होने के बाद वह चोरी के इस माल को बाजार में जाकर बेचता,उसके पहले ही पुलिस ने उसे दबोच लिया और चोरी के सारे माल को बरामद कर लिया है। जिले में ताबडतोड तरीके से हो रही चोरी की वारदातों के बीच कोतवाली पुलिस ने किए चोरी के इस खुलासे से चोरियों को लेकर चिंतित बने पुलिस अफसरों ने कुछ राहत की सांस ली है।

यहां बता दें कि जैदा निवासी महावीर बैरवा के घर में चोरी की यह वारदात तीन दिन पहले दिन दहाडे तब घटित हुई,जब महावीर बैरवा काम पर चला गया था और उसकी पत्नी घर के पीछे के नहाने के लिए चली गई थी। चोरी की इस वारदात के चोर कमरे का ताला तोडकर एक जोडी चांदी की पायल,एक कमरबंद चांदी का तथा एक सोने की नथ कुल कीमती करीब डेढ लाख रूपए चोरी कर ले गया। इस मामले में कोतवाली पुलिस ने महावीर बैरवा की रिपोर्ट पर चोरी का मामला दर्ज कर चोर की तलाश शुरू की गई।



#### सीसीटीवी फुटेज से चोर तक पहुंची पुलिस

पुलिस के मुताबिक चोरी की वारदात का खुलासा करने में सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर तंत्र का अहम योगदान रहा है। चोरी की वारदात दिन के समय घटित किए जाने से चोर कई जगह सीसीटीवी कैमरो में कैद हो गया। जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले तो चोर की पहचान महावीर मीणा पुत्र शंभूलाल मीणा निवासी डाबरसा के रूप में हो गई। जब पुलिस ने महावीर को उठाकर उससे सख्ती दिखाते हुए पूछताछ की तो उसने चोरी की वारदात को अंजाम देना कबूल कर लिया और उसकी निशानदेही पर चोरी का डेढ लाख रूपए कीमत कार पूरा माल भी घर से बरामद कर लिया है। एसपी सुधीर कुमार अग्रवाल के निर्देशन में चोरी की इस वारदात का खुलासा करने में कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर, प्रआ ज्ञान सिंह यादव, दीपेश ओझा, सतेन्द्र सिंह जादौन, आरक्षक देवेन्द्र गुर्जर, दिलीप शर्मा, अजरूद्दीन तथा सलमान की अहम भूमिका रही है।

#### आरोपी पर पहले से दर्ज हैं कई मामले

कोतवाली टीआई सत्यम सिंह गुर्जर ने बताया कि आरोपी महावीर मीणा एक शातिर और आदतन अपराधी है। उसके खिलाफ श्योपुर जिले के देहात, कोतवाली थाने के साथ-साथ राजस्थान के खातौली थाना क्षेत्र में नकबजनी, चोरी, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट और आबकारी एक्ट समेत दर्जनभर मामले पंजीबद्ध है।

### गुरनावदा निवासी युवक हुआ ठगी का शिकार, मानपुर थाने में एफआईआर दर्ज

# ऑस्ट्रेलिया में लाडली को पढ़ाने बनवाना था बीजा, युवक से 11.27 लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के गांव गुरनावदा निवासी एक व्यक्ति के साथ ऑस्ट्रेलिया में जाने के लिए पासपोर्ट और बीजी बनवाने के नाम पर 11 लाख 27 हजार रूपए की ठगी हो गई है। आस्ट्रेलिया में पढाई करने के लिए बीजा बनाए जाने के लिए नाम पर यह ठगी पंजाब के पटियाला निवासी एक महिला के द्वारा की गई है। मानपुर थाना पुलिस ने इस मामले में जांच के बाद धोखाधडी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है।





पुलिस के मुताबिक ग्राम गुरनावदा निवासी रेशम पुत्र हरिभजन सिंह जाट सिक्ख, अपनी बेटी को पढाने के लिए ऑस्ट्रेलिया भेजना था,इसलिए उसे ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए अपनी बेटी का स्टडी बीजा और पासपोर्ट की जरूरत थी। इसके लिए उसने पहले ऑनलाइन जानकारी ली तो उसे पटियाला पंजाब का एक मोबाइल नंबर मिला। जहां संपर्क करने पर बताया गया कि उनका पासपोर्ट और बीजा बन जाएगा। इसके बाद रेशम सिंह पटियाला पंजाब पहुंच गया,जहां जसप्रीत कौर नामक महिला ऑफिस संचालित करती मिली। उसके द्वारा पासपोर्ट और बीजा बनाने के लिए करीब साढे 11 लाख रूपए का खर्चा बताया गया। पूरी बात क्लीयर होने के बाद रेशम सिंह के द्वारा 11 लाख 27 हजार 620 रूपए की राशि दे दी गई। लेकिन काफी दिन बीतने के बाद भी उसे न तो पासपोर्ट बीजा बनाकर दिया गया और न ही पैसे लौटाए गए। हालांकि बीच में उसे एक रजिस्ट्रेशन होने संबंधी दस्तावेज दिया गया और यह भरोसा भी दिलाया गया कि बीजा बनने की कार्रवाई चल रही है। लेकिन जब दस्तावेज की जांच कराई गई तो वह फर्जी निकला। इसके बाद रेशम को समझ में आया कि उसके साथ ठगी हो गई है। मानपुर थाना प्रभारी सतीश कुमार दुबे ने बताया कि इस मामले में जांच के बाद रेशम सिंह की रिपोर्ट पर जसप्रीत कौर निवासी मैसर्स ऐजक एमीग्रेशन सर्विस शौरूम प्रथम मंजिल डिवीजन पटियाला पंजाब के खिलाफ धोखाधडी की धाराओं में केस दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। इस मामले में आगे की कार्रवाई के लिए एक पुलिस टीम को पटियाला भेजा जाएगा।

## जेसीआई ने लगाया रक्तदान शिविर, जुटाया 15 यूनिट खून





**श्योपुर।** रक्तदान से न केवल जरूरतमंदों की जान बचाई जा सकती है, बल्कि यह सामाजिक कर्त्तव्य निभाने का एक सशक्त माध्यम भी है। यह बात जेसीआई अध्यक्ष जितेन्द्र गर्ग ने जेसीआई श्योपुर द्वारा जिला अस्पताल में रविवार को आयोजित रक्तदान शिविर में रक्तदान किए जाने के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कही। इस दौरान उन्होने रक्तदान करके फायदे भी उपस्थित लोगो को बताए। साथही रक्तदान करने वाले रक्तदानताओं का आभार व्यक्त किया गया। इस शिविर में 15 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ,जो जरूरत मंदो की जान बचाने के काम आएगा। इस मौके पर राहुल कुमार गुप्ता, रविंद्र गुप्ता,दिनेश शाहू, यश दीक्षित, गौरव गोयल, पवन गोयल, रुद्रांश गर्ग, विष्णु गर्ग, सुमित मोदी, आदि उपस्थित रहे।

#### युवक की इलाज के दौरान कोटा में मौत

**श्योपुर।** मानपुर थाने के गांव सौभाग्यपुरा में एक युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फसल में डालने वाली कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया। जिससे उसकी कोटा राजस्थान में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मानपुर थाना पुलिस ने बताया कि ग्राम सौभाग्यपुरा निवासी बंटी 22 वर्ष पुत्र प्रहलाद बंजारा ने गत 4 फरवरी को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फसलो में डालने वाली कीटनाशक दवा गटक ली। जिससे बंटी की हालत बिगड गई। आनन फानन में परिजन राजस्थान के कोटा अस्पताल में लेकर पहुंचे तो वहां बंटी की इलाज के दौरान मौत हो गई। हालांकि परिजनों ने बंटी के द्वारा दवा के धोखे में कीटनाशक दवा खा लेने की बात कही गई है,लेकिन इस बात की सच्चाई पुलिस की जांच के दौरान ही सामने आ पाएगी। फिलहाल मानपुर थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।


## प्रत्येक एक हजार जन्मे बच्चों में से 1 बच्चा क्लबफुट से प्रभावित: डॉ सिकरवार



**श्योपुर।** आरबीएसके कार्यक्रम के अंतर्गत श्योपुर जिला चिकित्सालय में एसबीआई फाउंडेशन के सहयोग से अनुष्का फाउंडेशन द्वारा एक दिवसीय क्लब फुट के उपचार हेतु सपोर्टिव सुपरविजन का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. दिलीप सिंह सिकरवार ने बताया कि जिला चिकित्सालय में संचालित जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में क्लब फुट क्लीनिक का संचालन प्रत्येक गुरूवार को नियमित रूप से किया जा रहा है, इसमें क्लब फुट के बच्चों को निशुल्क उपचार एवं मार्गदर्शन प्रदान किया जाता है। डॉ सिकरवार ने बताया कि रिसर्च के अनुसार प्रत्येक 1000 जन्मों में से 1 बच्चा क्लबफुट से प्रभावित होता है। यदि क्लबफुट का इलाज सही समय पर और सही तरीके से न किया जाये तो इसका परिणाम आजीवन विकलांगता और असहनीय दर्द हो सकता है। इसके विपरीत, यदि इस बीमारी का जन्म के ठीक बाद इलाज कर लिया जाये, तो इस स्थिति में सुधार के लिए सर्जरी की भी आवश्यकता नही पडती है। क्लबफुट एक प्रकार की पैर से सम्बन्धित जन्मजात विकृति होती है जिसमें जन्म के समय से ही बच्चे का पैर उसके सामान्य आकार का नहीं होता है। यह या तो बाहर की ओर या अंदर की ओर मुड़ा होता है। यह नवजात शिशुओं में पायी जाने वाली सबसे आम विकृति है जो हड्डियों और जोड़ों से सम्बन्धित होती है। आरबीएसके कार्यक्रम प्रभारी स्नेहलता गुर्जर ने बताया कि एक दिवसीय सपोर्टिव सुपरविजन कार्यक्रम में सीहोर से आए अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉक्टर हरिओम गुप्ता द्वारा टेनोंटोमी विधि की विस्तृत रूप से जानकारी प्रदान की गई एवं क्लब फुट के बच्चों की जांच की गई और उनका उपचार कास्टिंग एवं टेनोंटोमी विधि से किया गया साथ ही अनुष्का फाउंडेशन द्वारा बच्चों को शूज वितरित किए गए।इस कार्यक्रम में बच्चों की टेंनोटोमी, कास्टिंग एवं शूज दिए गए। आरबीएसके प्रोग्राम के अंतर्गत अनुष्का फाउंडेशन के सहयोग से विगत वर्षों में अभी तक लगभग 22 बच्चे लाभान्वित हो चुके हैं। इस प्रशिक्षण में सीएमएचओ डॉ दिलीप सिंह सिकरवार, अनुष्का फाउंडेशन के ब्रांच मैनेजर मनीष पटेल एवं अनुष्का फाउंडेशन के कार्यक्रम समन्वयक मुरारी दांगी आदि उपस्थित थे।

## विभिन्न मांगों को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने सौंपा ज्ञापन

**श्योपुर।** आजाद अध्यापक शिक्षक संघ की श्योपुर जिला इकाई ने शिक्षकों की विभिन्न मांगो को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन रविवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य को दिया गया। अध्यापक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष पदम सिंह मीणा की अगुवाई में दिए इस ज्ञापन में विभिन्न मांगो के उल्लेख करते हुए उन्हें पूरा करने की मांग मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से की गई।





### खेतों के बीच होकर निकली शव यात्रा, पत्थरों की बाउंड्री हटा कर बढ़े आगे

# झूठे साबित हुए श्मशान घाट से अतिक्रमण हटाने के दावे, मुश्किलों के बाद हुआ महिला का दाह संस्कार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

जिला प्रशासन द्वारा शमशान घाटों और उनके रास्तों पर हो रहे अतिक्रमण को हटा देने के दावे की पोल रविवार को ग्राम पंचायत शंकरपुर के गांव कोटरा में तब खुल गई जब एक वृद्ध महिला के शव का अंतिम संस्कार करने के लिए श्मशान घाट तक जाने वाले रास्ते में खेतों के बीच से होकर गुजरना पड़ा और कई जगह हो रही पत्थरों की बाउंड्री वाल को हटाकर लोग शमशान घाट तक पहुंचे। ज्ञात हो कि एक साल पहले इसी शमशान घाट पर इसी तरह की समस्या देखने को मिली थी तब प्रशासन ने श्मशान घाट के रास्ते से अतिक्रमण हटाने के दावे किया था जिसकी पोल रविवार को फिर खुल गई।

जनपद पंचायत श्योपुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत शंकरपुर के गांव कोटरा में बर्फी बाई (70) पत्नी खेतू लाल मीणा की मृत्यु हो जाने पर जब उसकी शव यात्रा निकाली गई तो परिवार सहित ग्रामीणों को श्मशान घाट तक पहुंचने में कड़ा संघर्ष करना पड़ा। रास्ते में पत्थरों की दीवार बनाकर व तार फेंसिंग कर रास्ता रोका गया था और आम रास्ते को जोतकर खेती की जा रही थी। इन हालातों के चलते शवयात्रा को चार जगह पर रोकना पड़ा। पहले पत्थरों की बाउंड्री व तार की जाली हटाई गई उसके बाद लोग आगे बढ़े।

ग्रामीणों ने बताया कि, श्मशान की भूमि और रास्ते पर अतिक्रमण कर रखा हैं। शिकायत के बाद प्रशासन पूर्व में अतिक्रमण हटा गया था लेकिन, बाद में लोगों ने प्रशासन की साठगांठ से दोबारा अतिक्रमण कर लिया गया।



#### श्मशान घाट तो बना पर रास्ता नहीं

श्मशान की हालत को लेकर कोटरा गांव के ग्रामीणों का कहना है कि श्मशान तो बना हुआ है और उस पर टीन शेड भी किया हुआ है। लेकिन वहां पहुंचने के लिए रास्ता सुगम नहीं बनाया गया है। शव का दाह संस्कार करने के लिए बनाया जाने वाला चबूतरा भी गायब है। श्मशान के रास्ते पर दबंगों ने कब्जा कर खेती की हुई है, जिसे हटाए जाने के लिए कई बार शिकायते भी की गई लेकिन प्रशासन तो दूर पंचायत ने भी ध्यान तक नहीं दिया।

#### एक साल पहले भी हुआ था हंगामा

इस श्मशान घाट पर यह कोई पहला अवसर नहीं है जब ग्रामीणों को शव यात्रा निकालने के लिए इतनी अधिक परेशानी झेलनी पड़ी हो। एक साल पहले भी इस रास्ते पर इसी तरह से शव यात्रा निकालने पर परेशानी हुई थी तब सोशल मीडिया पर शवयात्रा को खेतों से निकलना, बाउंड्री बाल को उल्लंघते हुए वीडियो वायरल हुए थे तब कलेक्टर ने रास्ते को अतिक्रमण मुक्त करने के निर्देश दिए थे इसके बाद ग्राम पंचायत द्वारा रास्ते का अतिक्रमण मुक्त करने का दावा भी किया था लेकिन पंचायत और प्रशासन के दावों की पोल आज रविवार को फिर खुलती दिखाई पड़ रही है।

#### इनका कहना...

श्मशान के रास्ते पर लोगों ने कब्जा जमा लिया है। आज हमें चार बार शव यात्रा को रोक कर अतिक्रमण हटाकर आगे बढ़ना पड़ा। शवयात्रा को ले जाने के लिए भी रास्ता नहीं है। इसी तरह की समस्या जब भी गांव में कोई मौत होती है तब शव यात्रा के दौरान देखने को मिलती है।

**हरिओम मीणा**
**मृतक का लड़का**

शमशान घाट तक पहुंचने के लिए पंचायत ने नए जगह पर रास्ता बनाया है लेकिन कुछ लोग पुराने रास्ते से जाते हैं। पुराने रास्ते में किसी काश्तकार की खाते की जमीन है जो अपने खेती करता है लोगों के इस रास्ते से जाने की वजह से परेशानी आती है।

**ऋतु राज धाकड़**
**सचिव ग्राम पंचायत शंकरपुर**

### वैष्णव समाज के अध्यक्ष भुवनेश का श्योपुर पहुंचने पर हुआ स्वागत

# सम्मान समाज सेवा के पथ पर बढ़ने की प्रेरणा देता है : भुवनेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समाज द्वारा प्रदान किया गया सम्मान किसी भी व्यक्ति के लिए केवल एक उपलब्धि नहीं, बल्कि उसके दायित्वों को और अधिक बढ़ाने वाला प्रेरणास्त्रोत होता है। समाज से मिला यह स्नेह और सम्मान उनके लिए अमूल्य है। यह सम्मान उन्हें समाज सेवा के पथ पर और अधिक निष्ठा, ईमानदारी एवं समर्पण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देगा। ये बात वैष्णव ब्राहम्ण सेवा संस्था कोटा के अध्यक्ष भुवनेश शर्मा ने समाज बंधुओं द्वारा प्रेरणा वृद्धाआश्रम में आयोजित किए गए स्वागत कार्यक्रम के दौरान कही।

स्वागत कार्यक्रम के दौरान कोटा राजस्थान के पूर्व अध्यक्ष बनवारी वैष्णव ने कहा कि विपदा हमें तोड़ने के लिए नहीं, बल्कि हमें भीतर से मजबूत बनाने के लिए आती है। जीवन की कठिनाइयां मनुष्य के व्यक्तित्व को निखारती हैं। संकट के समय जो व्यक्ति धैर्य रखता है, सकारात्मक सोच बनाए रखता है और ईश्वर पर विश्वास नहीं छोड़ता, वही आगे चलकर जीवन में सच्ची सफलता और शांति प्राप्त करता है। संत आसाराम बाबू से जुड़े महावीर शर्मा ने कहा कि, बुजुर्ग वट वृक्ष के समान होते हैं, जिनकी छाया में समाज की पीढ़ियां संस्कार, अनुभव और मार्गदर्शन प्राप्त करती हैं। उनका



जीवन संघर्ष, तप और त्याग का प्रतीक होता है। बुजुर्गों की सेवा करना केवल कर्तव्य नहीं, बल्कि सबसे बड़ा पुण्य और मानवीय मूल्य है। उन्होंने कहा कि मैं श्योपुर पहली बार आया हूं, लेकिन यहां के लोगों का अपनापन, स्नेह और आत्मीय व्यवहार देखकर कभी यह महसूस नहीं हुआ कि मैं किसी नए स्थान पर हूं। इस अवसर पर अतिथियों ने बुजुर्गों को माला पहनाकर उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान पूर्व समाज अध्यक्ष धर्मेंद्र शर्मा एडवोकेट, मीडिया प्रभारी सुरेश वैष्णव, मनोज वैष्णव सहित सामाजिक लोगों ने अतिथियों का साफा बांधकर व फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम में राजस्थान से पधारे कोटा राजस्थान छात्रावास समिति के अध्यक्ष देवीशंकर वैष्णव, नंदलाल वैष्णव कोटा, सुरेश वैष्णव नयागांव दुर्जनपुरा, हेमराज वैष्णव उपाध्यक्ष, महंत जगदीश आवा, हेमराज वैष्णव उपस्थित रहे।

#### संगोष्ठी में श्रेष्ठ संस्कृत शिक्षकों का हुआ सम्मान

**श्योपुर।** संस्कृत भारती के तत्वावधान में जिला स्तरीय संगोष्ठी बीते रोज आयोजित की गई। जिसमें संस्कृत भारती के सभी दायित्ववान कार्यकर्ता, संस्कृत शिक्षक एवं संस्कृत अनुरागी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का उद्देश्य संस्कृत भाषा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रचार-प्रसार पर विचार-विमर्श करना रहा। संगोष्ठी में जिले के वरिष्ठतम संस्कृत शिक्षक पीके श्रीवास्तव,राजेंद्र तोमर,संस्कृत जिला प्रभारी भुवनेश लाक्षकार सहित अनेक गणमान्य संस्कृत विद्वान उपस्थित रहे। वर्ष 2025 में उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धियों के लिए शाउमावि दातरदा में पदस्थ उच्च माध्यमिक शिक्षक रुकमल मीणा को कक्षा 12वीं में संस्कृत विषय का जिले में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर तथा ओमप्रकाश महावर को कक्षा 10वीं में संस्कृत विषय का जिले में सर्वश्रेष्ठ परीक्षा परिणाम देने पर संस्कृत भारती शिवपुरी द्वारा श्रेष्ठतम संस्कृत शिक्षक सम्मान प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर संस्कृत भारती जिला शिवपुरी में जिला मंत्री का दायित्व नवल राठौर को सौंपा गया। नवल राठौर द्वारा संस्कृत संभाषण शिविर, अभ्यास वर्ग, साप्ताहिक मिलन एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से संपूर्ण जिले में संस्कृत भाषा के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु कार्य किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में संस्कृत भारती के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुँचाने का संकल्प लिया गया तथा संस्कृत भाषा को दैनिक जीवन से जोड़ने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर राकेश शर्मा,सोनू जैन,सत्यनारण शर्मा, मितेश गुप्ता,अभिषेक मीणा कलोनी, जोनू जंगम,राकेश मीणा सहित विभिन्न कार्यकर्ता मौजूद रहे।



### मां जागेश्वरी मार्ग पर हिंदू सम्मेलन का हुआ आयोजन

# हिंदू सम्मेलन गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण का है संकल्प: केशव गिरी महाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना







आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में रविवार को मां जागेश्वरी मार्ग पर हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री राम जानकी मंदिर सागर के महंत केशव गिरी महाराज द्वारा मां जागेश्वरी शक्ति पीठ पर पहुंचकर पूजा अर्चना की। इसके अलावा प्रांत बौद्धिक प्रमुख उमेश, डॉक्टर शालिनी गुप्ता जिला उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद शामिल हुए। हिंदू सम्मेलन को संबोधित करते हुए केशव गिरी महाराज ने कहा कि यह एकजुटता केवल एक भीड़ नहीं, बल्कि गौरवशाली संस्कृति के संरक्षण का संकल्प है। उन्होंने राष्ट्रहित में जाति-पाति से ऊपर उठकर एक होने का आह्वान किया। प्रांत बौद्धिक प्रमुख उमेश ने बताया कि यह पूरी तरह से हिंदू समाज की एक पहल है, जिसका मुख्य उद्देश्य संगठित हिंदू समाज को मजबूत करना और नई पीढ़ी को अपनी जड़ों से जोड़े रखना है। इस मौके पर विश्व हिंदू परिषद की जिला उपाध्यक्ष डॉ शालिनी गुप्ता, दशरथ पुरोहित, भक्त माली, शिवम पाठक, दीपेश महाराज सहित अनेक वक्ताओं ने अपनी बात रखी।कार्यकम में मीनल रिछारिया, अतुल श्रीवास्तव, रितिका तिवारी, दिनेश प्रजापति ने सुंदर- सुंदर भजनों एवं देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन निखिल पाठक ने किया आभार जिला अध्यक्ष सुनील सिरोठिया ने किया। गौरतलब है कि आरएसएस शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में देशभर में हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है।

### शासकीय माध्यमिक विद्यालय के जूनियर छात्र-छात्राओं ने दी सीनियर को विदाई, स्टाफ ने शुभकामनाएं

# नारही और डुमघना में किया कक्षा 8वीं के विद्यार्थियों का बधाई समारोह आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

शासकीय माध्यमिक विद्यालय नारही में शनिवार 7 फरवरी कक्षा 6 एवं 7 के विद्यार्थियों द्वारा कक्षा 8 के विद्यार्थियों के सम्मान में 7 फरवरी को बधाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा सरस्वती माता की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन एवं पूजन-अर्चन के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यार्थियों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। छात्र छात्राओं द्वारा विद्यालय में रैंप वॉक प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्रा वर्ग से कुमारी अनुष्का राठौर एवं छात्र वर्ग से राघवेंद्र आदिवासी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया । मुख्य अतिथि विकासखंड शिक्षा अधिकारी मुकेश शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि गिरकर संभलना ही सफलता की पहली सीढ़ी होती है। वहीं बीएसी महेश कुमार लोधी ने अपने उद्बोधन में कहा कि यदि विद्यार्थियों ने वर्तमान समय में अपने गुरुओं के मार्गदर्शन में ईमानदारी से कड़ी मेहनत कर ली, तो आने वाला समय निश्चित रूप से उनका होगा।

विशेष अतिथि शकुंतलम पब्लिक स्कूल करेरा के संचालक डॉ. बृजेश अग्रवाल ने कहा कि वे तन-मन-धन से शा. मा. वि. नारही के विकास हेतु सदैव समर्पित रहेंगे। कार्यक्रम को बीएसी अनिल कुमार चौरसिया एवं संतोष कुमार गुप्ता ने भी संबोधित किया और विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ प्रदान कीं।

नारही विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी में संभाग स्तर पर चयन होने एवं अन्य विधाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर अतिथियों द्वारा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। ज्ञात हो कि शाला प्रभारी पंकज कुमार श्रीवास्तव के निर्देशन में विद्यालय के विद्यार्थियों ने गत वर्ष ह्यटपक सिचाई योजनाह्ल नवाचार के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन किया था, जिसका उल्लेख एनसीईआरटी की पुस्तक में भी किया गया है। इस उपलब्धि पर अतिथियों द्वारा शाला प्रभारी को सम्मानित किया गया।

अंत में शाला प्रभारी द्वारा आभार व्यक्त कर कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर जन शिक्षक राकेश कुमार ओझा, ओम प्रकाश वर्मा, सरपंच राजेंद्र सिंह, एसएमसी अध्यक्ष सेवाराम केवट, शिक्षिका संतोषी अहिरवार प्रियंका लोधी धीरेंद्र पूरी संजय राजोरिया आदि एवं ग्रामीण उपस्थित रहे इसी प्रकार शासकीय माध्यमिक विद्यालय डुमघना में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित कर विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। यहां पर प्रभारी बीएसी प्रवीण शर्मा, दिनेश,रावत , कृष्णा रावत उपस्थित रहे ।

## बीना और खुरई में मॉडल स्कूल की चयन परीक्षा में 125 परीक्षार्थियों ने लिया हिस्सा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

बीना और खुरई में रविवार को मॉडल स्कूल की कक्षा नवमी की चयन परीक्षा में 125 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। परीक्षा में 18 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। बीना के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक एक में मॉडल स्कूल की कक्षा नवमी की चयन परीक्षा आयोजित की गई। जिसमें कुल 22 विद्यार्थियों में से 19 परीक्षार्थी शामिल हुए और 3 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। इसी तरह खुरई के शास.पं.के.सी.शर्मा उत्कृष्ट विद्यालय में मॉडल चयन परीक्षा में कुल दर्ज 121 परीक्षार्थी में से 106 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। जिसमें 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

## दिनारा महिला मंडल के श्रीमद् भागवत कथा में आज होगा कृष्ण-रुक्मणी विवाह संपन्न





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दिनारा

दिनारा कस्बे में चल रही श्रीमद् भागवत कथा प्राचीन शीतला माता मंदिर परिसर में महिला मंडल के तत्वावधान में आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा इन दिनों श्रद्धा और भक्ति का केंद्र बनी हुई है। कथा वाचन कर रहीं कथा वाचन साध्वी गौरी गोविंद ने अपने मधुर वाणी और भावपूर्ण कथन से समस्त भक्तों को भक्तिरस में सराबोर कर दिया। कथा के छठवें दिवस भगवान श्रीकृष्ण रुक्मणी जी का विवाह उत्सव को धूमधाम से मनाया गया। जैसे ही कथा में श्री रुक्मणी विवाह का प्रसंग आया, पूरा मंदिर परिसर ह्लजयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर महिला मंडल सहित समस्त श्रद्धालु पीले वस्त्रों में सजे-धजे नजर आए और भजनों पर झूमते हुए भगवान के विवाह की खुशी खुशियाँ मनाईं। श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह के दौरान मंदिर में विशेष आरती, पुष्पवर्षा एवं प्रसाद वितरण किया गया।कथा वाचन साध्वी गौरी गोविंद ने अपने प्रवचन में भक्ति, प्रेम और धर्म के मार्ग पर चलने का संदेश दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। महिला मंडल द्वारा किए गए इस आयोजन की क्षेत्र में सराहना की जा रही है, वहीं कथा के आगामी दिनों को लेकर भक्तों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।

**ऑनलाईन पोर्टल से 24 क्विटंल माल अधिक मिला**

# वेयर हाउस का भौतिक सत्यापन करने मुंगावली और चंदेरी के प्रबंधक पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर





क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा अशोकनगर मध्यप्रदेश स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपरेशन के भौतिक सत्यापन को लेकर जिले के मुंगावली और चंदेरी में पदस्थ अधिकारियों को मौके पर भेजा गया था। यहां 1 से लेकर 9 नबंर तक की गोदामों की जांच की गई। ऑनलाईन पोर्टल के अनुसार माल भौतिक रूप से बराबर मिलना चाहिए था। किन्तु 1 नंबर की गोदाम में 24 क्विंटल माल अधिक होना पाया गया है। जिसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों को की गई जांच से अवगत कराया गया है।

अशोकनगर मुख्यालय पर वेयरहाउस के 9 गोदाम हैं इन सभी गोदामों में व्यापारी और किसानों का माल रखा जाता है जिसका एक पोर्टल भी है उस पोर्टल पर माल के स्टॉक की जानकारी प्रदान की जाती है। उस जानकारी के आधार पर वेयर हाउस के अंदर जो माल स्टॉक में रखा है उन दोनों में समानता होना चाहिए। इसी की जांच पड़ताल और भौतिक सत्यापन को लेकर क्षेत्रीय प्रबंधक मनीष वर्मा ग्वालियर द्वारा मुंगावली में पदस्थ हेमराज किरार और चन्देरी में पदस्थ योगेश नायक को भौतिक सत्यापन की जिम्मेदारी दी गई थी। इन दोनों ही अधिकारियों द्वारा 4 और 5 फरवरी को इन वेयर हाउस की गोदामों का भौतिक सत्यापन किया गया था। इस सत्यापन के बाद सभी 9 गोदामों का परीक्षण किया गया।

जब इस संबंध में स्थानीय प्रबधंक उदय सिंह राजपूत से चर्चा की गई तो उन्होंने किसी तरह की जानकारी होने से इन्कार कर दिया, जबकि इसी जांच दल में मुंगावली से आए हेमराज किरार ने बताया कि ऑनलाईन पोर्टल में जो स्टॉक दिखाया जा रहा है वह स्टॉक मौके पर है या नहीं कम तो नहीं है अधिक तो नहीं है इसकी जांच पड़ताल के लिए भौतिक सत्यापन के रूप में क्षेत्रीय प्रबंधक द्वारा हमें भेजा गया था। दो दिन हमारे द्वारा इसका भौतिक सत्यापन किया गया, सभी 9 गोदामों का सत्यापन किया गया है जिसमें गोदाम क्रमांक 1 में हमें 24 बोरी अनाज अधिक मिला है। जबकि ऑनलाईन पोर्टल के आधार पर भौतिक रूप से भी रिकार्ड बराबर मिलना चाहिए था। यह 24 बोरी माल कहां से आया यह पता नहीं चला है।



## अशोकनगर नगर पालिका का बकाया वसूली अभियान तेज

**अशोकनगर।** नगर पालिका परिषद अशोकनगर द्वारा बकाया करों की वसूली हेतु वार्डों में प्रतिदिन टीमों का गठन कर अभियान चलाया जा रहा है। यह टीमें घर-घर जाकर बकायादार उपभोक्ताओं से संपर्क कर बकाया राशि जमा कराने की अपील कर रही हैं। नगर पालिका से प्राप्त जानकारी के अनुसार, जिन उपभोक्ताओं द्वारा बार-बार सूचना देने के बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है, उनके नल कनेक्शन काटने की कार्रवाई की जा रही है। साथ ही नगर क्षेत्र में पाए जा रहे अवैध नल कनेक्शनों को भी काटा जा रहा है। सीएमओ विनोद उन्नीतान द्वारा लगातार उक्त कार्य की समीक्षा की जा रही है एवं बताया कि यह अभियान राजस्व बढ़ाने एवं नगर की जल व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है। इस दौरान जमा न करने वाले तीन लोगों के नल कनेक्शन अब तक नपा द्वारा काटे जा चुके हैं नागरिकों से अपील की वे असुविधा से बचने के लिए शीघ्र अपने बकाया कर एवं जलकर जमा करें।

### लाड़ली बहना योजना का असर ग्रामीण अंचलों में दिखा

# 100 महिलाओं ने 85 हजार रुपए जोड़े, करवा रही हैं भागवत कथा







हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

जिले में मुंगावली तहसील अंतर्गत आने वाले ग्राम चिरोली की लाडली बहनाओं के द्वारा मध्य प्रदेश शासन के मुख्यमंत्री द्वारा प्रेषित की जा रही लाडली बहना राशि में से योगदान राशि प्रदान कर ग्राम चिरौली में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन कराया जा रहा है, लाडली बहनों के इस सद्प्रयास को सभी ग्राम वासियों ने भी अपना सहयोग प्रदान किया है।

ग्राम पंचायत चिरौली के सचिव गोविंद सिंह कुशवाह ने बताया है कि, लगभग 100 लाडली बहनों के द्वारा 85000 रुपयो की राशि एकत्रित की गई है, जो ग्राम चिरौली की लाडली बहनाओं के द्वारा एक अनूठी पहल है, जिसे जितना भी सराहा जाए उतना कम है, ग्राम पंचायत में इस अनूठी पहल से उत्सव का माहौल हो गया है, सभी ग्रामवासी उत्साह के साथ श्रीमद् भागवत कथा का रसास्वादन कर रहे हैं, इस प्रकार के नवाचार समाज में नई चेतना का उदय करते हैं, जो की वर्तमान युग में बहुत आवश्यक है। इस प्रकार लाडली बहनाओं के द्वारा सामाजिक एवं आध्यात्मिक चेतना को जगाने के लिए शासन द्वारा प्राप्त धनराशि का जो सदुपयोग किया जा रहा है वह बहुत अनुकरणीय है।

क्योंकि आमतौर पर लाडली बहनाओं को प्राप्त धनराशि का उपयोग या तो वे अपने निजी कार्य में करती हैं या उनके घर उपयोग के लिए वह राशि काम आती है, परंतु ग्राम चिरौली में लाडली बहनाओं ने एक अच्छा नवाचार प्रस्तुत किया है जो अनुकरणीय भी है और सराहनीय भी, अशोकनगर की लाडली बहनाओं के द्वारा किए गए। ग्राम चिरौली की लाडली बहनाओं को इस कार्य के लिए बधाई दी है। ग्राम चिरौली में श्री हनुमान जी के मंदिर प्रांगण में यह श्रीमद् भागवत जी कथा हो रही है, जिसका वाचन कथा व्यास पंडित शांति कुमार मिश्रा के द्वारा किया जा रहा है। मंदिर के पुजारी पंडित चंद्र कुमार मिश्रा ने यह बताया है कि, लाडली बहनों के द्वारा जन जागृति एवं आध्यात्मिक चेतना के लिए उदाहरण प्रस्तुत किया गया है, इस प्रकार के नवाचार यदि मध्य प्रदेश में सभी जगह हो तो, शासन के द्वारा जो धनराशि प्राप्त हो रही है, उसका सदुपयोग, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं सामाजिक चेतना में जब होगा तो समाज एवं व्यवस्था में में व्यापक परिवर्तन आने की संभावना प्रबल होगी।

## मारपीट के घटनाओं के अनेक प्रकरण पंजीबद्ध

**अशोकनगर।** जिले में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गए है। जिले के कदवाया थाने के अंतर्गत ग्राम पिपरिया निवासी बुंदेल सिंह गुर्जर ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि लालजी राम, रणवीर, कप्तान और अपीसा बाई गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इस घटना में दूसरे पक्ष की ओर से कृपान सिंह गुजर्र ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि बुंदेल सिंह और अनीता बाई गुर्जर ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाने के अंतर्गत नहर कॉलोनी निवासी प्रार्थना रजक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## नवविवाहिता ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ थाने के अंतर्गत ग्राम गहोरा निवासी जानकी बाई पत्नि राहुल लोधी उम्र 22 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतिका के पति की सूचना पर से पुलिस ने पंचनामा बनाकर मृतिका का पोस्टमार्टम कराकर शव परिवार जनों को सौंप दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## हजारेश्वर मंदिर पर प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ एवं भंडारे का 12 तक किया जाएगा आयोजन

**अशोकनगर।** शहर के हजारेश्वर मंदिर में भगवान की प्राणप्रतिष्ठा का कार्यक्रम 8 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है। 8 फरवरी को कलश यात्रा 11 बजे से निकाली जाएगी, और 9 फरवरी से प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित होगा। पुरानी गढ़ी स्थित माधव भवन के समीप यह भोलेनाथ का दरवार है यहां हजार मुखी शिवलिंग है इस मंदिर का नए सिरे से जीर्णोद्धार किया गया है। जिसे लेकर यह प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 9 फरवरी से 11 फरवरी तक प्राणप्रतिष्ठा का आयोजन होगा और 12 फरवरी को पूर्णाहुती और विशाल भंडारे का आयोजन दोपहर 12 बजे से किया जाएगा।

### भगवान को मोक्ष कल्याणक की प्राप्ति एवं विश्व शांति महायज्ञ के साथ भव्य गजरथ महोत्सव आयोजन

# बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे, आयोजन स्थल की 7 बार परिक्रमा लगाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

मोक्ष कल्याणक दिवस खुशियों के साथ मनाया गया, इस मौके पर विश्व शांति की कामना को लेकर महायज्ञ किया गया। दोपहर 2 बजे पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए बनाई गई अयोध्या नगरी से गजरथ महोत्सव का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े। मोक्ष प्राप्ति के बाद भगवान गजरथ पर सवार होकर निकले, इस गजरथ की फेरी में मुनिश्री दुर्लभ सागर जी महाराज भी ससंघ शामिल हुए।



**मोक्ष कल्याणक पर अर्ग समर्पित हुए, महायज्ञ का आयोजन हुआ** भगवान के पांच कल्याणक के अंतिम दिन भगवान को मोक्ष की प्राप्ति का दिवस था जिसे मोक्ष कल्याणक के रूप में मनाया गया। प्रतिदिन के होने वाले कार्यक्रमों के साथ मोक्ष कल्याणक दिवस की पूजा की गई, अर्ग समर्पित किए गए और विश्व शांति महायज्ञ का आयोजन किया गया। यहां मंत्रोच्चार के बीच हवन का आयोजन हुआ, इसी के साथ पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव का समापन हो गया है। यह महोत्सव कचनार कस्बे में जंगल में मंगल की भावना को चरितार्थ कर गया।

**जैन धर्म में मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य** जैन धर्म मे मोक्ष आत्मा का परम लक्ष्य है, जिसका अर्थ है सभी भौतिक कर्मों से पूरी तरह मुक्त हो जाना और जन्म मरण के चक्र से सदा के लिए निकल जाना। जिससे आत्मा अपने शुद्ध और शक्तिशाली स्वरूप मे सिद्ध शिला पर विराजमान हो जाती है जो कि सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरित्र के द्वारा प्राप्त होता है। मोक्ष आत्मा की वह अवस्था है जब वह सभी 8 प्रकार के कर्मों से मुक्त हो जाती है। मोक्ष प्राप्ति के बाद जीव फिर कभी जन्म नहीं लेता, मोक्ष के लिए सच्ची श्रद्धा, सच्चा ज्ञान और सच्चा आचरण हमें सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान और सम्यक चरिच से प्राप्त होता है। मोक्ष कल्याणक दिवस पर सम्पूर्ण क्रियाएं आयोजित हुईं। मुनिश्री की मंगल देशना के माध्यम से मोक्ष कल्याणक का महत्व बताया गया।दोपहर 2 बजे पंच कल्याणक के सबसे विशेष दिन कहे जाने वाले गजरथ महोत्सव के मौके पर अशोकनगर के साथ पड़ौसी गुना, जिले के कईं हिस्सों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और गजरथ की इस फेरी वाले आयोजन में भाग लिया।